

# बिहार विधान परिषद्

# दैनिक विवरणिका

संख्या- 1

सत्र- 212वां

**सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख**
**सोमवार, दिनांक 2.2.2026 ई.**

**माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।**

**11.00 पूर्वाह्न से 12.35 अपराह्न तक**

**1. माननीय सभापति महोदय द्वारा बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र के अवसर पर प्रारंभिक संबोधन**

माननीय सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र का शुभारंभ करते हुए सदन को संबोधित करने की कृपा की कि माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय नेता, विरोधी दल, माननीय उप सभापति, माननीय सदन उप नेता द्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल, माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण ।

सबसे पहले आप सबों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आशा करता हूं कि वर्तमान वर्ष हम सबों के जीवन में शांति और सुख-समृद्धि लाए।

बिहार विधान परिषद् का 212वां सत्र आज से आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं आप सबों का स्वागत करता हूं । आशा है, इस सत्र में होनेवाली कुल 19 बैठकों में राज्यहित एवं विकास से जुड़े अधिक-से-अधिक विषयों पर सार्थक विमर्श होंगे।

हाल में सम्पन्न अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 86वें सम्मेलन में इस पर जोर दिया गया कि लोकतंत्र में जनहित के विषयों पर विचार-विमर्श के लिए सदन उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। मैं आप सबों से अनुरोध करता हूं कि इस सत्र का अधिक से अधिक सदुपयोग जनहित से जुड़े विषयों एवं समस्याओं के समाधान हेतु किया जाए।

समृद्धि यात्रा के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा का सकारात्मक असर पड़ा है। इससे सुदूर क्षेत्रों में बसे हुए गांव एवं टोलों तक विकास की रौशनी सुनिश्चित हुई है। माननीय मुख्यमंत्रीजी के इन्हीं अभिनव प्रयासों के कारण बिहार में विकास की गति में तेजी आई है। राज्य में न्याय के साथ विकास के सिद्धान्त के आधार पर वर्ष 2025-2030 तक के लिए सात निश्चय-3 के गठन का निर्णय लिया जाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

बिहार वैश्विक क्षमता केन्द्र (जीसीसी) नीति, 2026 को स्वीकृति देने के बाद राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का आकर्षण बढ़ेगा और इससे ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने में सहायता मिलेगी। राज्य की जनता को रोजगार देने पर इन कंपनियों को अतिरिक्त 'रोजगार प्रोत्साहन सब्सिडी' भी दिए जाने का निर्णय लिया गया है। बिहार इको-टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के गठन से बिहार के पर्यावरण एवं पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने की आशा बढ़ी है।

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि को दोगुनी करने का निर्णय लिया गया है। इससे लगभग 27 लाख छात्र-छात्राओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए अधिकतम सीमा बढ़ा दी गयी है। पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना की दर को भी दोगुना कर दिया गया है। सरकार के इस निर्णय से समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को शैक्षणिक मुख्यधारा में समाहित होने के अवसर मिलेंगे।

गंभीर बीमारी के इलाज हेतु बिहार के रोगियों के आवासन के लिए मुम्बई में 'बिहार भवन' के निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा तीन सौ चौदह करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। मानव जीवन के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता का यह सुंदर उदाहरण है।

भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ के नाम पर बक्सर जिले के डुमराँव में संगीत महाविद्यालय की स्थापना से राज्य की कला एवं संस्कृति की वैभवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सत्र संचालन में पूर्व की भांति परिषद् सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लोकतंत्र के प्रहरी मीडिया के बंधुओं से भी अपेक्षित सहयोग की आशा करता हूं।

अंत में पुन: आप सबों का हार्दिक स्वागत करता हूं । धन्यवाद ।

**2. माननीय सभापति महोदय द्वारा विधान सभा एवं विधान परिषद् की संयुक्त बैठक एवं माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संबंध में घोषणा**

माननीय सभापति महोदय ने सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि आज विधान परिषद् और विधान सभा की संयुक्त बैठक में 11.30 पूर्वाह्न माननीय राज्यपाल महोदय का अभिभाषण होगा। इसके लिए 11.25 बजे पूर्वाह्न तक बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल, पटना में माननीय सदस्यों को जाना है।

अत: आपलोगों से अनुरोध है कि उक्त समय से कुछ पूर्व ही वहां जाकर अपना स्थान ग्रहण कर लें ।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के पश्चात् सभी माननीय सदस्य यहां आएंगे, फिर आज की कार्यसूची के अनुसार परिषद् की कार्यवाही चलेगी।

तत्काल सदन की कार्यवाही स्थगित की जाती है।

तदुपरांत परिषद् के माननीय सदस्यगण विधान मंडल के सेंट्रल हॉल, पटना के लिए प्रस्थान किए।

**(अंतराल)**

(माननीय राज्यपाल महोदय के संयुक्त अभिभाषण के पश्चात्
माननीय सदस्यगण पुन: परिषद् वेश्म में समवेत हुए)

**3. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया जाना एवं उसपर वाद-विवाद हेतु समय का आवंटन**

माननीय सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम- 17(3) के अधीन बिहार विधान मंडल के संयुक्त अधिवेशन में आज दिनांक 2.2.2026 को माननीय राज्यपाल द्वारा दिये गये अभिभाषण की प्रति

सदन की मेज पर रखते हुए सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर माननीय सदस्य, श्री नीरज कुमार धन्यवाद का प्रस्ताव रखेंगे, जिसका माननीय सदस्य, श्री जनक राम अनुमोदन करेंगे ।

माननीय सदस्य, श्री नीरज कुमार द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया जिसका अनुमोदन माननीय सदस्य, श्री जनक राम द्वारा किया गया।

माननीय सभापति महोदय ने सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि माननीय सदस्य, श्री नीरज कुमार द्वारा रखे गये धन्यवाद प्रस्ताव पर आज ही 4:00 बजे अपराह्न तक संशोधन लिये जायेंगे, जिसपर औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 3.2.2026 एवं 5.2.2026 को माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद होगा एवं दिनांक 5.2.2026 को ही उसपर सरकार का उत्तर होगा।

**4. माननीय सभापति महोदय द्वारा 212वें सत्र के लिए अध्यासीन सदस्यों की तालिका की घोषणा**

माननीय सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 10 के अंतर्गत बिहार विधान परिषद् के 212वें सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को अध्यासीन सदस्य मनोनीत करने की घोषणा की -

1. डा. संजीव कुमार सिंह
2. श्री नवल किशोर यादव
3. डा. मदन मोहन झा
4. श्री महेश्वर सिंह

**5. वित्तीय कार्य**

1. माननीय मंत्री, श्री अशोक चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बिहार आर्थिक सर्वेक्षण पुस्तिका की प्रति सदन की मेज पर रखी गयी।

**6. शोक-प्रकाश**

1. स्वर्गीय अजीत पवार
2. स्वर्गीय राजनीति प्रसाद
3. स्वर्गीय अशोक कुमार चौधरी
4. स्वर्गीया वीणा वादिनी पांडेय
5. स्वर्गीय अवधेश प्रीत
6. स्वर्गीय बुद्धशरण हंस